# प्रतिवेदन

## '' कृमी नाशक दवा एल्बेडाजोल टैबलेट का सेवन ''

दिनांक 16.08.2023

आज दिनांक 16.08.2023 शहीद वीर नारायण शास .महाविद्यालय जोबी – बर्रा तह. खरसिया जिला रायगढ़ में यूथ रेडक्रास इकाई एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान से महाविद्यालय में कृमी नाशक दवा एल्बेडाजोल टैबलेट का सेवन कराया गया । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने उद्देश्यों की प्राथमिकता को समझते हुऐ अपने प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत के नेतृत्व एवं रेडक्रास नोडल अधिकारी श्री योगेन्द्र कुमार राठिया , आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ज्ञानमणी एक्का की अगुआई में उन्होने न केवल अपने स्वास्थ्य की देखभाल की बल्कि एक सामाजिक संदेश भी दिया कि हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल महत्वपूर्ण है। इस साहसिक कदम के परिणाम स्वरुप उन्होने एल्बेडाजोल की दवा का सेवन किया गया ।

उलेखनीय है कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से आए हेल्थ एडं वेलनेस सेंटर खम्हार के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक श्री भूपेन्द्र राठिया व सुपर वाइजर श्री रामावतार पटेल सहित महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत , श्री वासुदेव प्रसाद पटेल सहा.प्राध्या. हिन्दी ,सुरेन्द्रपाल दर्शन सहा.प्राध्या. वनस्पति विज्ञान, श्री पी.एल. अनंत सहा.ग्रेड 1, एल.आर .लास्कर प्रयो.तकनीशियन, राहुल राठौर अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र,रितेश राठौर अतिथि व्याख्याता वाणिज्य,रामनारायण जांगडे अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र उपस्थित थे।









सत्र 2023-24

# प्राचार्य संग जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सेवन किया एलबेंडाजोल की गोली

रायगढ़, 18 अगस्त। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूली प्राचार्य के साथ सामूहिक रूप से एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन किया। यह सिर्फ उनके अपने स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति जिम्मेदारी को दिखाता है, बल्कि उनके सामाजिक जागरूकता और सहयोग के प्रति भी उन्मुखीकरण को दर्शाता है। निःसंदेह जोबी कॉलेज के इस कदम ने परिसर में एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से आए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खम्हार के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भूपेंद्र राठिया व सुपरवाइजर रामावतार पटेल सहित प्राचार्य थवाईत के साथ सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल, सत्य पाल दर्शन, राठिया और श्रीमती ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, रितेश राठौर एवं मुख्य लिपिक पी. एल. अनंत, प्रयोगशाला तकनीशियन पी. एस. सिदार, एल. आर. लास्कर व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# प्रतिवेदन

## " डेंगु से बचने - बचाने के लिए जन जागरुकता रैली "

दिनांक 11.10.2023

आज दिनांक 11.10.2023 शहीद वीर नारायण शास .महाविद्यालय जोबी – बर्रा तह. खरसिया जिला रायगढ़ में यूथ रेडक्रास इकाई एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान से महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं द्वारा डेंगु से बचने – बचाने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई ।महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार सर्वप्रथम छात्र – छात्राओं को मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी डेंगू के संबध में जानकारी दी गई । इसके साथ ही बचाव व रोकथाम के लिए तौर –तरीके भी बतलाए गए । इस ओर विद्यार्थियों को सचेत करते हुए रेडक्रास प्रभारी योगेन्द्र कुमार राठिया ने उन्हे मच्छरों को अपने आवासों में पनपने ही न देने की हिदायत दी गई । आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ.ज्ञानमणी एक्का ने विद्यार्थियों को डेगू के लक्षण ,उनकी संख्या वृध्दि सहित उपचार संबधी आवश्यक जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया । शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बर्रा के डॉ. एम.महापात्रा ने बच्चों से अपील की जिसमें जान पहचान के सभी लोगों को जागृत करने एवम् खासतौर पर इन दिनों मच्छरदानी का उपयोग अनिवार्य रुप से करने की सलाह दी । इस कार्यक्रम में क्रीडा अधिकारी श्री वासुदेव प्रसाद पटेल सहा.प्राध्या. हिन्दी ,सुरेन्द्रपाल दर्शन सहा.प्राध्या. वनस्पति विज्ञान, श्री पी.एल. अनंत सहा.ग्रेड 1, एल.आर .लास्कर प्रयो.तकनीशियन, राहुल राठौर अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र,रितेश राठौर अतिथि व्याख्याता वाणिज्य,रामनारायण जांगडे अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र उपस्थित थे।



डेंगु से बचने-बचाने-जोबी कॉलेज ने किया ग्राम भ्रमण



में

महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग ... रायगढ़ ...

# डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



## डेंगू से बचने-बचाने- जोबी कॉलेज ने किया ग्राम भ्रमण

**रायगढ़ @ पत्रिका.** जिले के आदिवासी अंचल स्थित ग्राम जोबी के शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय ने रेड-क्रॉस कार्यक्रम के तहत अस्वस्थता संबंधित तात्कालिक समस्या को लेकर गांव में जन-जागरूकता अभियान को बढ़ावा दिया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार बुधवार 11 अक्टूबर को सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं को मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी डेंगू के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बचाव व रोकथाम के लिए, तौर-तरीके भी बताए गए। विद्यार्थियों को सचेत करते हुए सहायक प्राध्यापक एवं रेड-क्रॉस अधिकारी योगेंद्र कुमार राठिया ने उन्हें मच्छरों को अपने आवासों में पनपने ही नहीं देने की बात कही। उन्होंने मच्छरों को आवासीय परिसर से दूर रखने के लिए अमल में लाई जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। इसी तरह सहायक प्राध्यापक आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. ज्ञानमणी एक्का ने विद्यार्थियों को डेंगू के लक्षण, उनकी संख्या वृद्धि सहित उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। इस दौरान, स्थानीय शासकीय चिकित्सा केंद्र के डॉ. एम. महापात्रा और उनका अमला भी शामिल हो गया। जिसने बच्चों से अपील की। जिसमें जान-पहचान के सभी लोगों को जागृत करने एवम खासतौर पर इस दिनों मच्छरदानी का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी गई

## द वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

दिनांक 31 अक्टूबर 2023

---



दैनिक क्रांतिकारी संकेत

रायगढ़, बुधवार, 01 नवंबर 2023

### जोबी कॉलेज, स्कूल और आश्रम शाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, कराया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) में मंगलवार दिनांक 31/10/2023 को महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई एवं स्थानीय आयुर्वेद चिकित्सालय के समन्वय से महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस अधिकारी श्री योगेन्द्र कुमार राठिया के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। जिसमें आवुर्वेद अधिकारी डॉ. एम. महापात्र द्वारा बी.एस.सी., बी.ए. एवं बी.कॉम तीनों संकायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवा वितरण किया गया। उक्त सुविधा का लाभ माध्यमिक विद्यालय जोबी एवं आश्रम शाला जोबी के विद्यार्थियों को भी लाभ प्राप्त हुआ। इस दौरान जोबी पंचायत के सचिव श्री जागर दास महंत एवं जोबी महाविद्यालय प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत, सहा. प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र पाल दर्शन, डॉ. श्रीमती श्वेता कुम्भज, डॉ. श्रीमती ज्ञानमणी एक्का, अतिथि व्याख्याता श्री राम नारायण जांगड़े, श्री रितेश राठौर, श्री राहुल राठौर, श्रीमती रेवती राठिया अन्य स्टाफ व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री सुखराम राठिया, आश्रम शाला के प्रधान पाठक श्री रघुवीर राठिया उपस्थित रहे।






### जोबी कॉलेज, स्कूल, आश्रम शाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सत्र 2023-2024